जिंदगी मिलकर बिताएंगे...पर झूमे छात्र

सर पद्मपत सिहानिया एजुकेशन सेंटर कमलानगर के वार्षिकोत्सव में छात्राओं ने शानदार प्रस्तुति से मन मोह लिया।

पद्मांजलि

कानपुर, संवाददाता। सर पद्मपत सिहानिया एजुकेशन सेंटर कमलानगर का वार्षिकोत्सव पद्मांजलि-आजादी का आनंदोत्सव शनिवार को लाजपत भवन में हर्षोल्लास के साथ सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत सीएम के मुख्य सलाहकार अवनीश कुमार अवस्थी ने की।

कार्यक्रम की शुरुआत सीएम के मुख्य सलाहकार अवनीश अवस्थी ने की।

फोन को नहीं, किताबों को बनाएं दोस्त

मुख्य अतिथि अवनीश अवस्थी ने अभिभावकों से अपील की कि वह बच्चों को स्मार्ट फोन की जगह किताबों से दोस्ती करने के लिए प्रेरित करें। किताबें ज्ञान का भंडार है। कहा कि स्कूल को एल्युमिनाई सेमिनार कराना चाहिए।

विद्यालय के 40वें स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में कक्षा एक से 12 तक के छात्रों ने रंगारंग प्रस्तुति पेश की। सांस्कृतिक कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान श्री कृष्ण की वंदना मधुराधिपतेरखिलं मधुरम के साथ हुआ। कक्षा 6 से 11 तक की छात्राओं ने कृष्ण भक्ति से सराबोर गीत पर नृत्य से सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। हनुमान चालीसा पर आधारित नाटिका में छात्र-छात्राओं ने हनुमान की दैवीय शक्ति का चित्रण किया।